संख्या- 78/1118/84-1-13-1055(आ0प्र0)/2013

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 29 अक्टूबर, 2013

विषय- कुम्भ मेला 2013 में योजना आयोग भारत सरकार द्वारा स्वीकृत धनराशि रू0 32.00 लाख से संबंधित आडिट प्रस्तर संख्या- 6.2.6 की टिप्पणी/उत्तर उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-47/1118/84-1-13-1055(आ0प्र0) /2013, दिनॉक 08 अक्टूबर, 2013 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विधिक माप विज्ञान विभाग से संबंधित आडिट प्रस्तर संख्या-6.2.6 के संबंध में टिप्पणी/उत्तर समयबद्व रूप से सीधे नगर विकास विभाग को उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया था, जो अभी तक कदाचित उपलब्ध नहीं कराया गया है। अत: अनुरोध है कि कृपया अपने से संबंधित उक्त आडिट प्रस्तर पर टिप्पणी/ उत्तर समयबद्व रूप से नगर विकास अनुभाग-1 को उपलब्ध कराते हुए भेजी गई टिप्पणी/उत्तर की एक-एक प्रति खाद्य एवं रसद अनुभाग-3 तथा उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in